दिनांक–20.03.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में चार चरणों में होंगे लोकसभा चुनाव, पहले चरण की छः सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया होगी प्रारंभ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करेंगे।
- उज्जैन में महाशिवरात्रि के बाद महाकाल मंडपम में हुआ शिव–पार्वती के विवाह समारोह का रिसेप्शन।
- राज्य के पूर्वी भागों में बारिश और ओलों का दौर जारी, सरकार ने दिए सर्वे के निर्देश।

प्रदेश चुनाव

प्रदेश में चार चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। पहले चरण के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। 30 मार्च तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को होगी। पेश है एक रिपोर्टः .........

प्रदेश में कुल 5 करोड़ 64 लाख 76 हजार 110 मतदाता हैं। इसमें 2 करोड़ 90 लाख 13 हजार 307 पुरुष मतदाता, 2 करोड़ 74 लाख 61 हजार 575 महिला मतदाता एवं 1 हजार 228 थर्ड जेन्डर के मतदाता शामिल हैं।

प्रदेश–स्वीप गतिविधियाँ

प्रदेश में चुनाव गतिविधियाँ जोर पकड़ने लगी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 64 हजार 523 है। 1500 से अधिक मतदाताओं वाले चिन्हित 367 मतदान केंद्रों में सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है।

प्रदेश में सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में संपत्ति विरुपण के विरूद्ध कार्रवाई सतत् जारी है। अब तक 2 लाख 76 हजार 892 सम्पत्ति विरुपण कार्यवाही की गई है। खण्डवा में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रथम रेण्डमाइजेशन 22 मार्च को किया जायेगा। आगरमालवा कलेक्टर ने अर्द्धशासकीय उपक्रम एवं स्थानीय निकायों के वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। कटनी में मतदाता जागरूकता की थीम पर जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मंदसौर जिले में मतदाताओं को तख्तियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा हैं। साथ ही उन्हें दूसरों को भी मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा हैं। इंदौर में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण जन सुनवाई कार्यक्रम स्थगित किया गया हैं। रीवा जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आज से 23 मार्च तक स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में मतदाता जागरूकता की थीम पर आधारित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। रायसेन जिले में निर्वाचन कार्य में सूचनाओं के आदान–प्रदान एवं निरंतरता हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

निर्वाचन आयोग डाक मतपत्र

लोकसभा चुनाव और चार राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिये निर्वाचन आयोग ने आवश्यक सेवाओं में कार्यरत अनुपस्थित मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए विशेष श्रेणी अधिसूचित की है। इसमें पहली बार मीडिया को भी शामिल किया गया है। सूची में मेट्रो, रेलवे, भारतीय संचार निगम लिमिटेड, बिजली और स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, डाक सेवा, विमानन और आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। आयोग ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के अनुसार उचित विचार करने के बाद, आवश्यक सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों को डाक मतपत्र से वोट डालने के लिए अधिसूचित किया गया है।

पीएम–स्टार्टअप महाकुंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा, यह एक ऐसा मंच है जो स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और उभरते उद्यमियों की दुनिया के हितधारकों को एक साथ लाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, स्टार्टअप की दुनिया में भारत की प्रगति पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व रही है। तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ की शुरुआत सोमवार को हुई थी। इसमें एआई, बी2बी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाइमेट टेक, गेमिंग, ई–स्पोर्ट्स, फिनटेक, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर पर खास फोकस किया गया है।

कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक कल नई दिल्ली में हुई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं। बैठक में सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, अंडमान निकोबार और पुद्दुचेरी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी उपस्थित थे।

संघ लोक सेवा आयोग

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 स्थगित कर दी है। यह परीक्षा अब 16 जून को होगी। यह परीक्षा पहले 26 मई को आयोजित होनी थी। आयोग ने लोकसभा चुनाव के कारण परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया है।

शिव–पार्वती–रिसेप्शन

उज्जैन में महाशिवरात्रि के बाद कल महाकाल मंडपम में शिव–पार्वती के विवाह समारोह का रिसेप्शन हुआ। इस दौरान नगर में भगवान महाकाल की बारात निकाली गई। इसमें आतिशबाजी के बीच खूब रंग–गुलाल उड़ा और नगर भोज का आयोजन हुआ। उज्जैन में दो दिन तक शिव–पार्वती विवाह की विभिन्न रस्म संपन्न कराई गई। महाकाल की नगरी में शिव पार्वती विवाह के रिसेप्शन की परंपरा करीब ढाई दशक से चली आ रही है। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के बाद यह अनूठा आयोजन होता है। राजस्थान के श्रद्धालु ने भगवान महाकाल को चांदी का मुकुट तथा नाग कुंडल भेंट किए।

मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन

लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिये 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आयोग द्वारा विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाए जाएंगे। मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन का शुभारंभ आज से होगा। मुख्य निवार्चन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि विगत विधानसभा चुनाव में प्रदेश के 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 75 फीसदी से कम था। उन्होंने बताया कि ऐसे चिन्हित 75 विधानसभा क्षेत्रों में एक माह तक लघु फिल्म, स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व और लोकतंत्र में उनके एक वोट की कीमत के बारे में जागरूक किया जाएगा।

मौसम

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आने के कारण प्रदेश के पूर्वी भागों में पिछले चार दिन से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में कल भी बेमौसम बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भी जबलपुर, शहडोल, रीवा, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ वर्षा होने की संभावना जताई है, वहीं सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, सिवनी, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में ओले गिरने की आशंका है। प्रदेश के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बारिश से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित जिला कलेक्टरों को तत्काल सर्वे के निर्देश दिए हैं। फसलों की क्षति का आंकलन कर नियमानुसार प्रभावित किसानों के नुकसान की भरपाई की कार्रवाई की जाएगी।

राजनीतिक दल–बैठक

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। श्री राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट का खर्च अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान अभ्यर्थी को अधिकतम 3 वाहन एवं अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी।

समाचार संक्षेप में .....

- कृषि विभाग ने इंदौर जिले के समस्त किसानों से आग्रह किया कि वे फसल कटाई के पश्चात नरवाई नहीं जलाये। नरवाई जलाने पर प्रतिबंध है।
- खंडवा में सिद्धक्षेत्र सिद्धवरकूट में दो दिवसीय वार्षिक मेला महोत्सव 24 और 25 मार्च को आयोजित किया गया है।
- मुरैना में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं तथा आम नागरिकों से सुरक्षित होलिका दहन की अपील की है।
- दमोह जिले की कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुदरी के पास हुए एक सड़क हादसे में मां–बेटे की की मृत्यु हो गयी जबकि  बेटी की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है।
- मंडला जिले के नैनपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंडरई में करंट लगने से दो युवको की मौत हो गई।

------------------